**PRINT**

# हिन्दुस्तान

| National News Paper | Edition: (Bokaro) Jharkhand | Circulation: 61883 |
| --- | --- | --- |
| Date: 22.07.2026 | Page No -- | Serial No.: |

# कुरपनिया से 50.8 टन अवैध कोयला जब्त

**जरीडीह बाजार, प्रतिनिधि।** गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ एवं सीसीएल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुरपनिया बस्ती के पास बड़ी मात्रा में अवैध रूप से जमा 50.8 टन कोयला जब्त किया। सीआईएसएफ सीसीएल करगली के कमांडेंट को सूचना मिली कि कुरपनिया बस्ती के पास काफी मात्रा में अवैध कोयला रखा गया है।



कुरपनिया बस्ती में अवैध कोयला जब्त करते।

सूचना मिलते ही सीआईएसएफ ने इसकी जानकारी तत्काल सीसीएल के जीएम संजय कुमार झा को दी। इसके बाद सीआईएसएफ व सीसीएल प्रबंधन की संयुक्त टीम का गठन कर छापेमारी की गई। संयुक्त टीम ने अवैध रूप से जमा कोयला जब्त कर उसे खसमहल कांटा पर तौल कराने के बाद सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया।

संयुक्त अभियान में उप कमांडेंट अभिलाष गारा, एएसओ पीएन सिंह, इंस्पेक्टर एसआर नायक, आरके सरोज, सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी, अमित कुमार, आरक्षक महिपाल सिंह, क्यूआरटी टीम, सीसीएल गार्ड के इंचार्ज मनोज कुमार तिवारी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। सीआईएसएफ ने पुनः स्पष्ट किया है कि खनन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार सतर्क हैं।